प्रेषक,

अपर शिक्षा निदेशक
माध्यमिक शिक्षा
गढ़वाल मण्डल पौडी

सेवा में,

महानिदेशक,
विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड
देहरादून।

पत्रांक / सेवा.अराज. / 5075-81 / 3क(2) / वा0स्था0 / 2024–25 दिनांक 12 जुलाई 2024

विषयः– **गढ़वाल मण्डलान्तर्गत सहायक अध्यापक (एल0टी0) के वार्षिक स्थानान्तरण–2024 को कांउसिलिंग के माध्यम से किये जाने हेतु सूची को प्रकाशित करने के सम्बन्ध।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सचिव, उत्तराखण्ड शासन के पत्र संख्या / 1016 / XXIV-B-1/24/07(04)/2016 माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–1 देहरादून दिनांक 04 जुलाई 2024 के द्वारा वार्षिक स्थानान्तरण सत्र 2024 में शिक्षकों के स्थानान्तरण कांउसिलिंग के माध्यम से किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

अतः गढ़वाल मण्डलान्तर्गत सहायक अध्यापक एल0टी0 के वार्षिक स्थानान्तरण 2024 हेतु शिक्षकों की अनिवार्य स्थानान्तरण सुगम से दुर्गम, दुर्गम से सुगम, अनुरोध के आधार पर स्थानान्तरण की सूची, कार्यरत रहने का प्रमाण पत्र / विकल्प पत्र व रिक्तियों की सूचना विभागीय वेबसाईट पर प्रदर्शित किये जाने हेतु सॉफ्ट कॉपी में महानिदेशालय की ई–मेल पर प्रेषित की जा रही है। कृपया उक्त सूचियों को विभागीय वेबसाईट पर प्रदर्शित करने हेतु एम0आई0एस0 प्रभारी को निर्देशित करने का कष्ट कीजिएगा।

संलग्नकः– यथोपरि

भवदीय

डॉ.(एस.बी. जोशी)
अपर शिक्षा निदेशक, मा.शि.
गढ़वाल मण्डल पौडी

पृ.सं. / सेवा.अराज. / 5075 – 81 / 3क(2) / वा0स्था0 / 2024–25 दिनांक उक्तवत।

प्रतिलिपिः–

1. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखण्ड देहरादून।
2. समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी, गढ़वाल मण्डल को इस निर्देश के साथ प्रेषित की आप अपने जनपदान्तर्गत सम्बन्धित शिक्षकों को कांउसिलिंग में प्रतिभाग करने हेतु अपने स्तर से भी अवगत कराना सुनिश्चित करें।
3. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी गढ़वाल मण्डल।।
4. समस्त प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या / प्रधानाध्यापक / प्रधानाध्यापिका गढ़वाल मण्डल को इस निर्देश के साथ प्रेषित की आप अपने विद्यालय के सम्बन्धित शिक्षक को कांउसिलिंग में प्रतिभाग करने हेतु विद्यालय में कार्यरत रहने का प्रमाण पत्र / विकल्प पत्र उपलब्ध करायें।
5. सम्बन्धित शिक्षक को इस निर्देश के साथ की आप अपने साथ कांउसिलिंग की तिथि को प्रधानाचार्य से हस्ताक्षरित विद्यालय में कार्यरत रहने का प्रमाण पत्र / विकल्प पत्र साथ लाना सुनिश्चित करें।
6. एम0आई0एस0 प्रभारी, महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड देहरादून।
7. कार्यालय पत्रावली हेतु।

अपर शिक्षा निदेशक, मा.शि.
गढ़वाल मण्डल पौडी